UMESH MODI
GROUP

# SBEC SUGAR LIMITED

14.05.2021

To,
The Manager
BSE Ltd.
25th floor, P.J. Towers,
Dalal Street, Mumbai – 400 001

**Subject: Publication of Financial Results of Quarter & Year ended March 31, 2021**

**Scrip Code: 532102**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the newspaper clippings of publication of Audited (Standalone & Consolidated) Financial Results for the quarter & year ended March 31, 2021 published in Financial Express {English} and Haribhoomi {Hindi} newspapers on May 14, 2021.

The same will be available on Company's website.

We request you to kindly take the same on record.

Thanking You,

**For SBEC Sugar Limited**

SBEC SUGAR LIMITED

**Ankit K. Srivastava**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Encl: A/a**

**REGD. OFFICE** : VILLAGE LOYAN, MALAKPUR, BARAUT, DISTT. BAGHPAT-250 611 (U.P.) TEL.: 01234-259206, 259273
**CIN** : L15421UP1991PLC019160 E-mail : investors@sbecsugar.com, admin.malakpur@sbecsugar.com

## खबर संक्षेप

### बिजली कर्मियों को भी लगे कोरोना की वैक्सीन



**फरीदाबाद।** ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन ने एसई नरेश कक्कड़ को ज्ञापन सौंप कर बिजली कर्मियों व इंजीनियरों को वैक्सीन लगवाने की मांग की। यूनियन की ओर से ज्ञापन सौंपने वाले शिष्टमंडल में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा, सर्कल सचिव कृष्ण कुमार व वरिष्ठ बिजली कर्मचारी नेता शब्बीर अहमद गनी शामिल थे। सर्कल सचिव कृष्ण कुमार ने यह बताया कि ज्ञापन में कर्मचारियों के लिए टीके की मांग की है।

### सेनिटाइजर, विटामिन सी की टेबलेट की वितरित



**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त सेंट्रल मुकेश मल्होत्रा ने सेंट्रल जोन एरिया में आने वाले सभी नाकों का औचक निरीक्षण किया। पुलिस उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि महामारी को काबू करने के लिए तथा लोगों के ज्यादा आवागमन को रोकने के लिए सेंट्रल जोन में 20 नाके लगाए हुए हैं। इस दौरान उन्होंने मौजूद पुलिस कर्मियों को विटामिन सी की गोलियां, मास्क, सैनिटाइजर वितरित किए। मुकेश मल्होत्रा ने कहा कि समय पर भोजन करें।

### पीपीई किट, मास्क व ऑक्सीमीटर किए भेंट

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के तिगांव रोड़ स्थित शिरडी साईं बाबा टेंपल सोसाइटी ने कोरोना का मरीजों इलाज कर रहे डॉक्टरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए साईंधाम के संस्थापक डा. मोतीलाल गुप्ता ने जिला उपायुक्त यशपाल यादव को 250 पीपीई किट, 25 ऑक्सीमीटर, 300 मास्क दिए । इस अवसर पर शिरडी साईं बाबा स्कूल की प्रिंसिपल बीनू शर्मा, देवेश गुप्ता, विकास राय, इन्दरजीत मौजूद रहे। डॉ. मोतीलाल गुप्ता ने कहा कि दुनिया भर के देश कोरोना महामारी से जंग लड़ रहे है। प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व बनता है कि अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें। सरकार द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन करें। सुरक्षा का ध्यान रखें।

### पं. शर्मा ने परशुराम चालीसा की लांचिंग की

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली ने अपनी शादी की साल गिरह को कुछ अलग अंदाज में मनाया। इस शुभ अवसर पर उन्होंने अपने ही द्वारा फिल्मांकित भगवान परशुराम चालीसा का रिबन काटकर शुभारंभ किया। पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली इससे पूर्व भगवान परशुराम आरती की लॉन्चिंग भी कर चुके हैं। इस मौके पर उन्होंने विधिवत रूप से भगवान परशुराम का गुणगान किया और जय भगवान परशुराम के जयघोष के साथ रिबन काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर भगवान परशुराम चालीसा का शुभारंभ किया। भगवान परशुराम चालीसा यू ट्यूब एवं प्रिंट यानि किताब के रूप में भी उपलब्ध है।

### पति ने पत्नी का सिर कुचलकर की हत्या

**गाजियाबाद।** मसूरी थाने के बयाना गांव के एक युवक में झगड़े के बाद मायके में रह रही अपनी पत्नी की बेरहमी से सिर कुचलकर नृशंस हत्या कर दी। इतना ही नही पति ने धारदार हथियार से उसकी गर्दन और कान भी काट दिए। इसके बाद वह चुपचाप वहां से फरार हो गया। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को इस सनसनीखेज हत्याकांड का पता चला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पत्नी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. इराज राजा ने गुरुवार को बताया कि बयाना गांव में राजकुमारी नाम एक नवविवाहिता का शव खून से लथपथ उसके मायके में बरामद हुआ। सर किसी वजनी वस्तु से कुचला हुआ था।

# संक्रमण रोकने 27 स्वास्थ्य केंद्रों में 165 कंटेनमेंट जोन बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

जिला में कोरोना संक्रमण को और बढ़ने से रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बड़े प्रकोप वाले क्षेत्रों की सूची जारी करते हुए उनमें प्रभावी प्रबंधन के आदेश जारी किए गए हैं। अब इन क्षेत्रों में कंटेनमेंट के नियम सख्ती से लागू किए जाएंगे। नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 व भारतीय दंड संहिता 1860 के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। जिलाधीश डॉक्टर यश गर्ग द्वारा जारी किए गए इन आदेशों में कोरोना के बड़े प्रकोप वाले क्षेत्रों अर्थात जिनमें कोरोना के पॉजिटिव केसों की संख्या ज्यादा है, उन क्षेत्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वार 27 भागों में बांटा गया है, ताकि उनका प्रबंधन ठीक से हो सके। आदेशों के साथ संलग्न सूची के अनुसार बड़े प्रकोप वाले क्षेत्रों में 165 कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं। सबसे ज्यादा 26 कंटेनमेंट जोन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिगरा के क्षेत्र में है, जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दौलताबाद, नाहरपुर रूपा, खांडसा और मंदपुरा के क्षेत्रों में सबसे कम एक-एक कंटेनमेंट जोन है।

## ज्यादा प्रकोप वाले क्षेत्र पीएचसी वार 27 भागों में विभाजित

### इन क्षेत्रों में बनाए जोन

सूची के अनुसार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रलोक के क्षेत्र में 19, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पटेल नगर के क्षेत्र में 15, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नाथूपुर के क्षेत्र में 14 और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बादशाहपुर व चौमा के क्षेत्रों में 9- 9 कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं। स्वास्थ्य केंद्र फिरोज गांधी कॉलोनी, कासन और वजीराबाद में 7--7 कंटेनमेंट जोन बने हैं जबकि राजीव नगर, भांगरोला, फाजिलपुर स्वास्थ्य केंद्रों के क्षेत्रों में 6- 6 कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं। राजेंद्रा पार्क और भोड़ा कला स्वास्थ्य केंद्रों के क्षेत्रों में 5--5 कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में डोर-टू-डोर होगी स्क्रीनिंग




इन लार्ज आउटब्रेक रीजन अर्थात बड़े प्रकोप वाले क्षेत्रों के लिए जिलाधीश द्वारा विस्तृत प्रबंधन प्लान तैयार कर के उसे कड़ाई से लागू करने के आदेश जारी किए गए हैं। इस प्रबंधन प्लान के अनुसार चिन्हित किए गए क्षेत्रों में आवागमन पर उचित प्रतिबंध रहेगा, सभी लोगों के स्वास्थ्य की डोर टू डोर स्क्रीनिंग होगी लेकिन ऐसा करते समय यह भी ध्यान रखा गया है कि इन क्षेत्रों में आदेशों का सामाजिक, आर्थिक गतिविधियों पर कम से कम प्रतिकूल प्रभाव पड़े, इसके लिए जिलाधीश द्वारा अधिकारियों की ड्यूटियां भी लगाई गई हैं।

### कोरोना काल में समर्पण भाव से सेवा कार्य कर रहे जिले के सामाजिक संस्थान

*स्वास्थ्य के क्षेत्र में गुरुग्राम की जनता को समर्पित है कैनविन फाउंडेशन। कोरोना महामारी के दौरान संस्था द्वारा किए गए अविस्मरणीय कार्यों को हर कोई सराह रहा है। चाहे आम हो या खास, हर किसी व्यक्ति की मदद को कैनविन फाउंडेशन के हाथ सदा बढ़े हैं। चाहे वर्ष 2020 में हो या अब 2021 में कोरोना की दूसरी लहर हो, संस्था के अनुभवी, मेहनती और समर्पित सदस्य दिन-रात जनसेवा में जुटे हैं। कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक एवं भाजपा युवा नेता नवीन गोयल का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने सेवा ही संगठन कार्यक्रम चलाया हुआ है। इस कार्यक्रम को उन्होंने पार्टी का कार्यकर्ता होने के नाते अपनी संस्था में पूरी तरह से अमलीजामा पहनाया है। कोरोना की दूसरी लहर में संस्था के कार्यों का ब्यौरा देते हुए नवीन गोयल ने बताया कि दूसरी लहर में अब तक 150 लोगों को एम्बुलेंस सुविधा दी गई है। इसके अलावा 9000 लोगों को ऑनलाइन कंसलटेंसी (रोजाना 300 लोगों को), प्रशासन की मदद से बाहर से 200 ऑक्सीजन सिलेंडर मंगवाकर जरूरतमंदों को दिए हैं। वहीं 1128 लोगों का कोविड टेस्ट करवाया और इस लहर में 195 लोगों को प्लाज्मा उपलब्ध कराया। शुरू से अब तक 325 लोगों से प्लाज्मा डोनेट करवाया जा चुका है। करीब 450 लोगों को बेड उपलब्ध कराए हैं।*

## ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते कोरोना संक्रमण को लेकर राज्य सरकार ने दिशा-निर्देश किए जारी

# कोरोना का संक्रमण रोकने आइसोलेशन सेंटर बनाएंगे, 164 इमारतों की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

शहरी क्षेत्र में कोरोना संक्रमण कुछ हद तक नियंत्रित होने के बाद अब गुरुग्राम जिला प्रशासन शहरी क्षेत्र के साथ-साथ गावों पर भी ध्यान देगा। इसके लिए कार्य योजना तैयार कर ली गई है जिसे आने वाले दिनों में अमलीजामा पहनाया जायेगा। हालांकि कोरोना की पहली लहर ज्यादातर शहरी क्षेत्रों तक सीमित रही थी, लेकिन अब दूसरी लहर में संक्रमण के मामले ग्रामीण क्षेत्र में भी पाए जा रहे हैं। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं।

उन निर्देशों और विषय की गंभीरता को समझते हुए गुरुग्राम जिला प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्र में कार्य योजना बनाकर उस पर काम भी शुरू कर दिया है। उपायुक्त डॉक्टर यश गर्ग के अनुसार कोरोना संक्रमित मरीजों तथा संदिग्ध व्यक्तियों को स्वस्थ लोगों से अलग करने के लिए गांवो में भी आइसोलेशन सेंटर बनाने होंगे। ऐसे सेंटर बनाने के लिए गुरुग्राम जिला के गांवो में 164 भवनों अथवा इमारतों की पहचान की गई है ताकि परिस्थिति अनुरूप आइसोलेशन सेंटर बनाकर कोरोना संक्रमित पाए जाने वाले व्यक्तियों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा सके।



### आगामी दिनों मे घर-घर पहुंचेगा अमला

गुरुग्राम जिला में 164 ग्राम पंचायतों में आइसोलेशन सेंटर बनाने के लिए स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। इन आइसोलेशन सेंटरो में स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा एकजुटता से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार जिला में प्रत्येक गांव को सैनेटाइज करवाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी 10 दिन में गावों में घर-घर जाकर लोगो की स्क्रीनिंग व स्वास्थ्य जांच की जाएगी ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग व जिला विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा संयुक्त रूप से टीमें तैयार की जा रही हैं। इन टीमों में आंगनवाड़ी वर्करों को भी शामिल किया गया है। ये टीमें ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना लक्षण वाले मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें कोविड अनुकूल व्यवहार के बारे में जागरूक करेंगी।

### गांव की आबादी के हिसाब से दी जाएगी ग्रांट

इन टीमों को जल्द की प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा सके। इस टीम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधि को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला के 7 हाईरिस्क ग्रामीण क्षेत्रों में पहले से ही 138 टीमों का गठन कर टेस्टिंग, ट्रेसिंग व ट्रीटमेंट पर काम किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि आइसोलेशन सेंटर बनाने को लेकर पंचायतों को गांवो की आबादी के अनुसार ग्रांट भी दी जाएगी। जिन गांवो की आबादी 10 हजार से कम है , उन्हें 10 हजार रुपए तथा जिनकी जनसंख्या 10 हजार से अधिक है, उन्हें 50 हजार रुपए की ग्रांट दी जाएगी । उन्होंने कहा कि गांवो में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए वहीं गांव में इसके उपचार की व्यवस्था की जानी अत्यंत आवश्यक है।

## स्वास्थ्य विभाग की 138 टीमों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से हो रहा काम

गुरुग्राम में कोरोना संक्रमित मरीजों के स्वस्थ होने की दर में निरंतर सुधार हो रहा है और अब जिले का रिकवरी रेट बढ़कर 79.64 प्रतिशत हो गया है। जबकि पिछले सप्ताह यह 75.71 प्रतिशत था। उपायुक्त ने कहा कि कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर हम सभी के लिए चुनौतीपूर्ण है, ऐसे में जरुरी है कि इससे बचाव के लिए समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए टेस्टिंग, ट्रेसिंग व ट्रीटमेंट पर ध्यान केंद्रित करते हुए कार्ययोजना बनाई गई है। जिला के 7 हाईरिस्क ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की 138 टीमों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। इतना ही नही, होम आइसोलेशन में रह रहे कोरोना संक्रमित मरीजों के स्वास्थ्य की मेडिकल टीम द्वारा मॉनीटरिंग की जाती है और उन्हें जरूरत अनुसार गाइड किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग तथा आयुष विभाग की टीम द्वारा लोगों को मेडिकल किट तथा इम्युनिटी बूस्टर दवाइंया वितरित की जा रही हैं।

### सुरक्षा और समझदारी से ही टूटेगी संक्रमण की चेन

*उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने कहा कि जिलावासियों की जागरुकता तथा जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की सजगता से कोरोना संक्रमित मरीजों के स्वस्थ होने की दर रिकवरी रेट में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमें भविष्य में भी इसी प्रकार सावधानी बरतनी होगी तभी कोरोना संक्रमण की चैन को तोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव उपायों को लेकर चलाए जा रहे जागरुकता अभियान की वजह से आम जनता ने काफी हद तक सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है, जोकि अच्छे संकेत हैं। कोविड प्रोटोकोल की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि सभी लोग घर से निकलते ही फेस मास्क का प्रयोग करें, एक-दूसरे के बीच दो गज की दूरी रखें ।*

### दोनों तरह की पेड सुविधाएं उपलब्ध

*उपायुक्त के अनुसार ज्यादात्तर मरीज एसिम्टोमैटिक हैं, या जिनमें बीमारी के लक्षण नहीं दिखाई दे रहे हैं और ऐसे मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा जा रहा है। जिन लोगों के घरों में आइसोलेशन के लिए पर्याप्त जगह नहीं है, उनके लिए जिला प्रशासन ने सेल्फ पेड तथा गवर्नमेंट पेड आइसोलेशन सुविधाओं की व्यवस्था की हुई है। गवर्नमेंट पेड सुविधा में मरीज के रहने व खाने आदि की अदायगी सरकार की तरफ से की जाती है। जिन मरीजों को इससे बेहत्तर सुविधाएं चाहिए वे सेल्फ पेड सुविधा में जा सकते हैं जिसके लिए अदायगी उन्हें स्वयं करनी होती है। अपने हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोने या सैनेटाइजर का प्रयोग करने से पहले अपने मुंह या नाक या चेहरे पर हाथ ना लगाएं क्योंकि कोरोना का मुंह या नाक के माध्यम से शरीर में प्रवेश करके हमारी सांस लेने की प्रणाली पर अटैक करता है।*

## शिवा रसोई का किया शुभारंभ

# बीके अस्पताल में 100 मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था



विधायक सीमा त्रिखा सिविल अस्पताल में कोविड मरीजों के लिए शिवा रसोई द्वारा निर्मित भोजन पीएमओ को उपलब्ध करवाती हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के दिशा-निर्देशों के अनुसार बडखल विधानसभा के अंतर्गत कोरोना रोगियों के लिये निशुल्क भोजन की व्यवस्था बडखल विधायक सीमा त्रिखा एवं स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जिला सिविल अस्पताल बादशाह खान में एसडब्ल्यूजी ग्रुप सेक्टर 21 सी द्वारा शुरू की गई। शिवा रसोई का शुभारंभ विधायक सीमा त्रिखा ने किया। शिवा रसोई की देखरेख एनएच मंडल अध्यक्ष अमित आहुजा, मेवला मंडल अध्यक्ष हरीश खटाना व युवा मोर्चा अध्यक्ष रविंद्र भाटिया करेंगे। बीके हॉस्पिटल में कोविड 19 के 100 मरीजों के लिए भोजन की निशुल्क व्यवस्था की, जिसे वे रोजाना चलाएंगे। विधायक सीमा त्रिखा ने बताया कि कोरोना काल में अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों के परिजनों को अब भोजन के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

### परिजनों को मिलेगी थोड़ी राहत

*इस परिस्थिति में वे अपने साथ नाश्ता और खाना लेकर नहीं आ पाते हैं। लिहाजा बाहर जाकर उन्हें खाना पड़ता है। या फिर नजदीक में घर हुआ तो घर से खाना मंगाकर खाना पड़ता है। परंतु अब उन्हें इस झंझट और दूषित खाना खाने की विवशता से मुक्ति मिल जाएगी। शिवा रसोई में वे समय पर सेहतमंद भोजन या नाश्ता निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. सविता यादव, डॉ. विनय गुप्ता, मुख्य औषधि अधिकारी बीरेंद्र सांगवान, डॉ. हेमंत, एनएच मंडल अध्यक्ष अमित आहुजा, मेवला मंडल अध्यक्ष हरीश खटाना व युवा मोर्चा अध्यक्ष रविंद्र भाटिया तथा एसडब्ल्यूजी ग्रुप सेक्टर 21सी से महेंद्र शर्मा, आरडी शर्मा, मुकेश पुरुथी, हमेंद्र बंसल, चंद्रमोहन व विकास समेत अन्य रहे।*

### वॉलंटियर्स ने कोविड पीड़ितों तक पहुंचाई किट

गुरुग्राम के जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एसपी सिंह के दिशा निर्देश पर प्राधिकरण और स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर कोरोना से लड़ रहे मरीजों को घर-घर जा कर आयुष किट मुहैया कराई। इस कार्य में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण , गुरुग्राम के पारा लीगल वालंटीयर्स की एक टीम तैयार की गई है। इस टीम में महेंद्र कुमार, प्रमोद गुलाटी, सूरज प्रजापति, बिमला रावत, मंजु बिष्ट और सक्षम युवा वालंटीर्ज शामिल हैं। डॉक्टर मोनिका एएमओ नागरिक अस्पताल ने टीम को अलग अलग एरिया दिया है जहां वो ये किट बांटेंगे। प्राधिकरण की सचिव एवं चीफ ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट ललिता पटवर्धन ने इस बारे में जानकारी दी।

# परिवहन मंत्री के आदेश पर निगम ने बनाया शवदाह गृह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



कोविड 19 वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण से होने वाली मौतों के मद्देनजर स्थानीय तिगांव रोड स्थित शवदाह गृह में अब बिना किसी दूषित पर्यावरण के पीएनजी गैस के माध्यम से तैयार शवदाह गृह में अंतिम संस्कार किए जा सकेंगे।

इस शवदाह गृह को नगर निगम द्वारा लगभग 70 लाख रुपए की धनराशि की लागत से तैयार किया गया है। हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने बताया कि सरकार ने वल्लबगढ़ में पीएनजी गैस के इस शवदाह गृह को बनवाया है ताकि शहर के अंदर पर्यावरण में फैलने वाले संक्रमण कम हों सकें।

# जिला प्रशासन ने 550 लोगों को उपलब्ध कराए सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



जिला उपायुक्त यशपाल ने बताया कि कोविड 19 से पीड़ित जरुरतमंदों को ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध करवाने के लिए जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्य की जिम्मेदारी जिला रेडक्रॉस सोसाइटी को दी गई है। गुरुवार को 575 लोगों के आवेदन प्राप्त हुए थे इनमें से 25 के पास कागज पूरे नहीं थे ऐसे में 550 लोगों को ऑक्सीजन सिलेंडर मुहैया करवाए गए। उपायुक्त यशपाल यादव ने बताया कि जिला प्रशासन लोगों को समय पर ऑक्सीजन सिलेंडर मुहैया करवाने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत हैं।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, मामला संदिग्ध

# पुलिस ने रुकवाया अंतिम संस्कार, पीएम के लिए भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मसूरी थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक विवाहिता ने फांसी लगाकर संदिग्ध रूप से आत्महत्या कर ली, ससुराल पक्ष के लोगों ने मायके वालों को घटना की सूचना दो दे दी लेकिन उनके आने से पहले ही श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार शुरू कर दिया। जब मायके वाले मौके पर पहुंचे तो हैरत में रह गए और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर विवाहिता के अंतिम संस्कार को बीच में रुकवा दिया और उसके अधजले शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में महिला के परिजनों ने पति व ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। मरने वाली महिला का नाम सरिता है । दो साल पहले उसकी शादी बयाना निवासी संदीप के साथ हुई थी। गुरुवार को सरिता का शव फांसी पर लटका हुआ मिला।

*◆ मायके वालों ने पति व ससुराल वालों पर सरिता की हत्या करने का आरोप लगाया है, सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचाकर अधजले शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा*



### जांच के बाद सच्चाई आएगी सामने

सरिता के ससुराल ने घटना की सूचना उसके मायके वालों को दी लेकिन जब तक मायका वाले मौके पर पहुंचते उन्होंने सरिता के शव को श्मशान ले जाकर दाह संस्कार शुरु कर दिया। मायके वाले मौके पर पहुंचे तो उन्हें यह देखकर सब हैरानी हुई और उन्होंने तत्काल मसूरी पुलिस को सूचना दी। मसूरी पुलिस के मौके पर पहुंचकर सरिता के अधजले शव को को चिता से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरिता के मायके वालों ने पति व ससुराल वालों पर सरिता की हत्या करने का आरोप लगाया है । समाचार लिखे जाने तक थाने में तहरीर दी जाने की तैयारी चल रही थी पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इराज राजा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।


**एसबीईसी शुगर लिमिटेड**
CIN: L15421UP1991PLC019160
पंजी. कार्यालय : गांव लोयान मलकपुर, तहसील बड़ौत, जिला बागपत, उत्तर प्रदेश-250611
Tel.: 01234-259206 Fax:+91-1234-259200
E-mail: investors@sbecsugar.com, Website: www.sbecsugar.com

**31 मार्च 2021 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31 मार्च, 2021 को समाप्त 3 माह अंकेक्षित | 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष अंकेक्षित | 31 मार्च, 2020 को समाप्त अनुकूल 3 माह अंकेक्षित | 31 मार्च, 2021 को समाप्त 3 माह अंकेक्षित | 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष अंकेक्षित | 31 मार्च, 2020 को समाप्त अनुकूल 3 माह अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 16,178.36 | 57,013.84 | 13,447.38 | 16,711.33 | 58,069.79 | 13,934.02 |
| 2 | अवधि (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 2,201.54 | (2,112.24) | 994.71 | 2,260.80 | (2,714.76) | 1,029.08 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 2,201.54 | (2,112.24) | 994.71 | 2,260.80 | (2,714.76) | 1,029.08 |
| 4 | कर के बाद अवधि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 2,201.54 | (2,112.24) | 994.71 | 2,260.80 | (2,714.76) | 1,198.70 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 2,224.57 | (2,111.39) | 965.66 | 2,286.16 | (2,714.67) | 1,165.43 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 4,765.39 | 4,765.39 | 4,765.39 | 4,765.39 | 4,765.39 | 4,765.39 |
| 7 | पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व्स | - | - | - | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | |
| a | बेसिक | 4.62 | (4.43) | 2.09 | 4.74 | (5.70) | 2.52 |
| b | डायल्युटेड | 4.62 | (4.43) | 2.09 | 4.74 | (5.70) | 2.52 |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये तैमाहिक परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.sbecsugar.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई तथा 13 मई 2021 को आयोजित उनकी बैठकों में बोर्ड द्वारा अनुमोदित किये गये हैं।
3. वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानदंड) नियमों (संशोधित अनुसार) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित अनुसार भारतीय लेखा मानदंड (Ind-AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एसबीईसी शुगर लिमिटेड
हस्ता/-
उमेश कुमार मोदी
अध्यक्ष एवं प्रधान
डीआईएन : 00002757

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13 मई 2021